नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions — 30

No. of Printed Pages — 15

# SS—30–Accountancy

## उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2014

## SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2014

## लेखाशास्त्र

## ACCOUNTANCY

**समय : $3\frac{1}{4}$ घण्टे**

**पूर्णांक : 80**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

*GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :*

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।

   Candidate must write first his / her Roll No. on the question paper compulsorily.

2. **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

   *All* the questions are compulsory.

3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर पुस्तिका में ही लिखें।

   Write the answer to each question in the given answer-book only.

4. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।

   For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

5. प्रश्न पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपान्तर में किसी प्रकार की त्रुटि / अन्तर / विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें।

   If there is any error / difference / contradiction in Hindi & English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

6. i) यह प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभक्त है — **अ** और **ब**।

   ii) खण्ड '**अ**' सभी छात्रों के लिए अनिवार्य है।

   iii) खण्ड '**ब**' के **दो** भाग हैं, प्रत्येक भाग में सात प्रश्न हैं। परीक्षार्थी को किसी एक भाग के सभी **सात** प्रश्नों को हल करना है।

i) This question paper contains two Parts — *A* and *B*.
ii) Part '*A*' is compulsory for all candidates.
iii) Part 'B' has *two* portions. Every portion has a set of seven questions. Candidate can attempt only a set of *seven* questions of any one portion.

7.

| **खण्ड** | **प्रश्न संख्या** | **अंक प्रत्येक प्रश्न** |
|---|---|---|
| **अ** | 1 – 8 | 1 |
| | 9 – 14 | 2 |
| | 15 – 21 | 4 |
| | 22 – 23 | 6 |
| **ब** | 24 – 25 | 1 |
| | 26 – 27 | 2 |
| | 28 – 29 | 4 |
| | 30 | 6 |
| | **अथवा** | |
| | 24 – 25 | 1 |
| | 26 – 27 | 2 |
| | 28 – 29 | 4 |
| | 30 | 6 |

| **Part** | **Question Nos.** | **Marks per question** |
|---|---|---|
| **A** | 1 – 8 | 1 |
| | 9 – 14 | 2 |
| | 15 – 21 | 4 |
| | 22 – 23 | 6 |
| **B** | 24 – 25 | 1 |
| | 26 – 27 | 2 |
| | 28 – 29 | 4 |
| | 30 | 6 |
| | **OR** | |
| | 24 – 25 | 1 |
| | 26 – 27 | 2 |
| | 28 – 29 | 4 |
| | 30 | 6 |

8. प्रश्न संख्या 22 (**खण्ड-अ**) तथा 30 (**खण्ड-ब**) में आन्तरिक विकल्प हैं।

There are internal choices in Q. No. 22 *( Part-A )* and Q. No. 30 *( Part-B )*.

## खण्ड - अ

## PART – A

1. अधिलाभ के आधार पर ख्याति के मूल्यांकन की कोई दो विधियों के नाम लिखिए।

   Write down the names of any two methods of valuation of goodwill on the basis of super profit. 1

2. **अ** और **ब** 3 : 2 अनुपात में लाभ बाँटते हुए साझेदार हैं। उन्होंने **स** को $\frac{1}{5}$ भाग के लिए साझेदार बनाया। **स** अपना हिस्सा पुराने साझेदारों से बराबर-बराबर प्राप्त करता है। सभी साझेदारों का नया लाभ-हानि अनुपात ज्ञात कीजिए।

   *A* and *B* are partners sharing profit in 3 : 2 ratio. They admit *C* as new partner for $\frac{1}{5}$th share. *C* gets his share from old partners equally. Calculate the new profit and loss sharing ratio of all partners. 1

3. **एक्स** तथा **वाई** एक फार्म में 2 : 1 के अनुपात में लाभ बांटते हुए साझेदार हैं। उनकी पूँजी क्रमशः 60,000 रु० और 30,000 रु० है। उन्होंने **जेड** को $\frac{1}{4}$ हिस्से के लिए प्रवेश दिया। **जेड** पूँजी के 35,000 रु० लाता है। गुप्त ख्याति का मूल्य ज्ञात कीजिए।

   *X* and *Y* are partners in a firm sharing profit in 2 : 1 ratio. Their capitals are Rs. 60,000 and Rs. 30,000 respectively. They admit *Z* for $\frac{1}{4}$th share. *Z* brings Rs. 35,000 as capital. Find out the value of hidden goodwill. 1

4. साझेदार की निवृत्ति पर उत्पन्न कोई दो समस्याओं के नाम लिखिए।

   Write the names of any two problems arising at the retirement of partner. 1

5. यदि कुल सम्पत्तियाँ 1,00,000 रु०, कुल दायित्व 20,000 रु०, सम्पत्तियों के विक्रय से प्राप्त राशि 85,000 रु० तथा वसूली व्यय 2,000 रु० हों तो वसूली खाते की लाभ/हानि ज्ञात कीजिए।

   If total assets are Rs. 1,00,000, total liabilities are Rs. 20,000, amount realised on sale of assets is Rs. 85,000 and realisation expense is Rs. 2,000, what will be the profit or loss on realisation ? 1

6. वह दो प्रकार के अंश कौन-से हैं जिन्हें एक सार्वजनिक कम्पनी निर्गमित कर सकती है ?

   What are the two types of shares which a public company can issue ? 1

7. कम्पनी के स्थिति विवरण में अंशों के निर्गमन पर बट्टा को किस प्रकार दिया जाता है ?

   How is discount on issue of shares shown in the Balance Sheet of a company ? 1

8. माहेश्वरी लिमिटेड ने 100 रु० वाले 5000, 7% ऋणपत्र 6% प्रीमियम पर निर्गमित किए जिनका शोधन 4 वर्ष पश्चात 5% प्रीमियम पर किया जाना है। शोधन पर देय प्रीमियम खाते में कितनी राशि डेबिट की जाएगी तथा डेबिट होने वाले खाते का नाम लिखिए।

Maheshwari Limited issued 5000, 7% debentures of Rs. 100 each at a premium of 6% which are redeemable after 4 years at a premium of 5%. What amount will be debited in premium on redemption account and write debit account name. 1

9. अवैध साझेदारी की कोई दो परिस्थितियाँ बताइए।

State any two situations of illegal partnership. 2

10. सीता तथा रीता 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि विभाजन करते हुए एक फर्म में साझेदार हैं। वे मीता को साझेदारी में शामिल करते हैं जो लाभों के $\frac{1}{5}$ हिस्से के लिए 20,000 रु० ख्याति के रूप में लाता है। पुस्तकों में ख्याति खाता विद्यमान नहीं है। आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए।

Sita and Rita are partners sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2 in a firm. They admit Mita into partnership who brings Rs. 20,000 as goodwill for $\frac{1}{5}$th share of profit. No goodwill account exists in the books. Give necessary journal entries. 2

11. कोई चार मदों के नाम लिखिए जो मृतक साझेदार के उत्तराधिकारियों को देय राशि की गणना करने के लिए उसके खाते में जमा की जाती हैं।

Write the names of any four items which are credited to the account of a deceased partner while calculating the amount due to his legal representatives. 2

12. फर्म के समापन पर चिट्ठे में देनदार 50,000 रु० के हैं जिसकी वसूली 80% पर की जाती है। स्थानान्तरण एवं वसूली मूल्य की प्रविष्टि दीजिए।

At the dissolution of a firm debtors are shown in Balance Sheet of Rs. 50,000 which was realised on 80%. Give necessary entries of transfer and realised amount. 2

13. जैन लि० ने 6,00,000 रु० की मशीन कमल से खरीदी। 50% भुगतान चैक द्वारा किया गया तथा शेष के लिए कम्पनी समता अंश 10 रु० वाले 20% प्रब्याजि पर निर्गमित किये।

उपरोक्त व्यवहारों की जैन लि० की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टि दीजिए।

Jain Ltd. purchased a machine of Rs. 6,00,000 from Kamal. 50% of the payment was made by cheque and for the remaining the company issued equity shares of Rs. 10 each at a premium of 20%.

Give necessary journal entries in the books of Jain Ltd. for the above transactions. 2

14. संजय लि० ने 1000, प्रत्येक 100 रु० वाले 10% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% बट्टे पर किया था। इन ऋणपत्रों का शोधन 5 वर्ष पश्चात 10 रु० वाले समता अंशों में सममूल्य पर परिवर्तन द्वारा किया। शोधन के सम्बन्ध में कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक प्रविष्टियाँ दीजिए।

Sanjay Ltd. issued 1000, 10% debentures of Rs. 100 each at 10% discount. These debentures were redeemed after 5 years by converting into equity shares of Rs. 10 each at par. Make necessary journal entries regarding redemption in the books of the company. 2

15. पवन तथा राजू एक फर्म में साझेदार हैं जिन्होंने 1 अप्रैल, 2012 को पूँजी के 2,00,000 रु० व 3,00,000 रु० क्रमशः लगाए। वर्ष के दौरान उन्होंने साझेदारी में निम्न प्रकार अतिरिक्त पूँजी लगायी।

पवन द्वारा लगायी गयी पूँजी :

1 जुलाई, 2012 को 50,000 रु० और 1 दिसम्बर, 2012 को 1,00,000 रु०।

राजू द्वारा लगायी गयी पूँजी :

1 सितम्बर, 2012 को 1,20,000 रु० ।

वर्ष 2012-2013 के लिए पवन तथा राजू की पूँजी पर 10 प्रतिशत की वार्षिक दर से ब्याज की गणना कीजिए।

Pawan and Raju are partners in a firm. They contributed Rs. 2,00,000 and Rs. 3,00,000 respectively as capital on 1st April, 2012. They invested additional capital in the partnership during the year as under :

Capital invested by Pawan : Rs. 50,000 on 1st July, 2012 and
Rs. 1,00,000 on 1st December, 2012

Capital invested by Raju : Rs. 1,20,000 on 1st September, 2012.

Calculate interest on Pawan's and Raju's capital @ 10% p.a. for the year 2012-2013. 4

16. किरण एवं सुलेखा साझेदार हैं जिनकी पूँजी क्रमशः 1,00,000 रु० तथा 80,000 रु० है। पूँजी पर ब्याज 10% वार्षिक की दर से मिलता है। वे लाभों को 2 : 1 में विभाजन करती हैं। उन्होंने रेणू को साझेदार बनाया और उसे लाभों में $\frac{1}{4}$ भाग दिया तथा उसे गारण्टी दी कि उसका लाभ का हिस्सा 40,000 रु० वार्षिक से कम नहीं होगा। रेणू 60,000 रु० अपनी पूँजी के रूप में लाई। रेणू को अपने $\frac{1}{4}$ हिस्से से अधिक प्राप्त होने वाले लाभों (गारन्टी का अन्तर) को किरण एवं सुलेखा 4 : 1 में वहन करेंगी। वर्ष के अंत में पूँजियों पर ब्याज देने से पहले लाभ 1,44,000 रु० हुए। लाभ-हानि नियोजन खाता बनाइए।

Kiran and Sulekha are partners with capital of Rs. 1,00,000 and Rs. 80,000 respectively. They are entitled to get interest at 10% p.a. They divided profit in the ratio of 2 : 1. They took Renu into partnership with $\frac{1}{4}$th share of profit and guaranteed her share of profits will not be less than Rs. 40,000 annually. Renu brought Rs. 60,000 as her capital and the excess profit received ( difference of guarantee ) by Renu over her $\frac{1}{4}$ th share will be borne by Kiran and Sulekha in the ratio of 4 : 1. Profit at the end of the year before allowing interest on capital amounted to Rs. 1,44,000. Prepare Profit & Loss Appropriation Account. 4

17. हरीश, मुकेश और सराफ एक फर्म में साझेदार हैं जो 2 : 1 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि विभाजन करते हैं। फर्म की पुस्तकें प्रति वर्ष 31 मार्च को बंद की जाती हैं। 31 अगस्त, 2013 को हरीश फर्म से अवकाश ग्रहण करता है। 31 मार्च, 2013 को समाप्त गत लेखावर्ष में फर्म ने 2,00,000 रु० का लाभ कमाया। चालू वर्ष में लाभ गत वर्ष की तुलना में 20% अधिक होने की संभावना है।

अवकाश ग्रहण की तिथि को चालू वर्ष का लाभ में हरीश का हिस्सा ज्ञात कीजिए तथा जर्नल प्रविष्टि कीजिए।

Harish, Mukesh and Saraf are partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 1 : 1. The books of the firm are closed on 31st March every year. Harish retires from the firm on 31st August, 2013. The firm earned a profit of Rs. 2,00,000 during the previous accounting year ended on 31st March, 2013. It is estimated that current year's profit would be 20% more over than previous year's profit.

On the date of taking retirement determine the share of Harish in the current year's profit and also make journal entries. 4

18. **पी** व **क्यू** दो साझेदार हैं। 31 मार्च, 2013 को साझेदारों की पूँजी क्रमशः 2,00,000 रु० व 1,00,000 रु० है तथा लेनदार 60,000 रु० है। इसी तिथि को फर्म के समापन पर सम्पत्तियों का वसूली मूल्य 1,80,000 रु० है। वसूली खाता बनाइए।

*P* and *Q* are two partners. On 31st March, 2013 capital of the partners are Rs. 2,00,000 and Rs. 1,00,000 respectively and creditors worth Rs. 60,000. Realisable value of assets is Rs. 1,80,000 on the same date, at the time of dissolution of the firm. Prepare Realisation Account. 4

19. समता अंश और पूर्वाधिकार अंश में कोई चार अंतर लिखिए।

Write any four differences between Equity Share and Preference Share. 4

20. अदरीश लि० ने 2000 समता अंश 10 रु० प्रति अंश वाले का हरण किया, जिन पर 10 रु० प्रति अंश माँगा गया था। इन अंशों पर 3 रु० प्रति अंश द्वितीय माँग के बकाया थे। कम्पनी ने इन्हें 9 रु० प्रति अंश पूर्ण दत्त पर पुनःनिर्गमित कर दिये। आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ बनाइए।

Adrish Ltd. forfeited 2000 equity shares of Rs. 10 each on which Rs. 10 per share was called up. There were arrears of Rs. 3 each of Second Call on these shares. Company reissued these shares at Rs. 9 per share as fully paid up. Make necessary journal entries. 4

21. बोहित लि० ने 10000, 9% ऋणपत्र 100 रु० वाले सममूल्य पर निर्गमित किये। ऋणपत्रों का शोधन 6% प्रीमियम पर निम्नानुसार किया जाना है :

प्रथम वर्ष — शून्य, द्वितीय वर्ष — 5,00,000 रु०, तृतीय वर्ष — शून्य, चतुर्थ वर्ष — 5,00,000 रु० ।

प्रति वर्ष अपलिखित की जाने वाली ऋणपत्रों के निर्गमन पर बट्टे की राशि की गणना कीजिए।

Bohit Ltd. issued 10000, 9% debentures of Rs. 100 each at par. Debentures are to be redeemed at a premium of 6% as follows :

1st year — Nil, 2nd year — Rs. 5,00,000, 3rd year — Nil, 4th year — Rs. 5,00,000.

Calculate the amount of discount on issue of debentures which should be written off in each year. 4

22. सूरज और चंदा 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते हुए साझेदार हैं। 31 मार्च, 2013 को उनका चिट्ठा निम्न प्रकार था :

31 मार्च, 2013 का चिट्ठा

| दायित्व | राशि रु० | सम्पत्ति | राशि रु० |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 30,000 | नकद शेष | 20,000 |
| सामान्य संचय | 30,000 | बैंक शेष | 19,000 |
| पूँजी खाता : | | विविध देनदार 60,000 | |
| सूरज 1,20,000 | | **घटाया** : आयोजन 24,000 | 36,000 |
| चंदा 60,000 | 1,80,000 | रहतिया | 90,000 |
| | | मशीन | 29,000 |
| | | फर्नीचर | 10,000 |
| | | ख्याति | 36,000 |
| | 2,40,000 | | 2,40,000 |

1 अप्रैल, 2013 को वे तारा को $\frac{1}{3}$ हिस्से के लिए प्रवेश देते हैं। वह अपने हिस्से की ख्याति के लिए व्यापार में नकद भुगतान करती है तथा इतनी पर्याप्त पूँजी लाती है जिससे कि उसे नई फर्म की कुल पूंजी का $\frac{1}{3}$ भाग दिया जा सके। फर्म की ख्याति का मूल्यांकन गत तीन वर्ष के औसत लाभ के तीन गुने के आधार पर किया जाता है। इन वर्षों के लाभ या हानि क्रमशः 30,000 रु०, 35,000 रु० (हानि) और 50,000 रु० थे। यह भी निश्चय किया गया कि देनदारों पर आयोजन को 9,000 रु० तक घटाया जाये और रहतिये का पुनर्मूल्यांकन 1,20,000 रु० पर किया जाये। मशीन को 20,000 रु० तक घटाया जाये।

उपरोक्त व्यवहारों के लिए जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए तथा पुनर्मूल्यांकन खाता बनाइए।

Suraj and Chanda are partners sharing profit and loss in the ratio of 2 : 1. Their Balance Sheet as on 31st March, 2013 is as follows :

Balance Sheet as on 31st March, 2013

| Liabilities | Amount *Rs.* | Assets | Amount *Rs.* |
|---|---|---|---|
| Creditors | 30,000 | Cash Balance | 20,000 |
| General Reserve | 30,000 | Bank Balance | 19,000 |
| Capital A/c : | | Sundry Debtors 60,000 | |
| Suraj 1,20,000 | | *Less :* Provision 24,000 | 36,000 |
| Chanda 60,000 | 1,80,000 | Stock | 90,000 |
| | | Machine | 29,000 |
| | | Furniture | 10,000 |
| | | Goodwill | 36,000 |
| | 2,40,000 | | 2,40,000 |

On 1st April, 2013 they admit Tara for $\frac{1}{3}$rd share. She pays cash in the business for her share of goodwill and brings sufficient capital so that she can be given $\frac{1}{3}$rd share of the total capital of the new firm. The goodwill of the firm is to be valued at three times of average profit of the last three years. Profit or loss of these three years were Rs. 30,000, Rs. 35,000 (Loss) and Rs. 50,000. It was also decided that the Provision on debtors be reduced up to Rs. 9,000 and Stock is to be revalued at Rs. 1,20,000. The machine is to be reduced up to Rs. 20,000.

Pass journal entries for the above transactions and prepare Revaluation Account. 6

**अथवा / OR**

शालू, टिप्सी तथा अंशुल 1: 2 : 3 अनुपात में लाभ-हानि बाँटते हुए साझेदार हैं। 31 मार्च, 2013 को समाप्त वर्ष के लिए उनका चिट्ठा निम्न प्रकार है :

31 मार्च, 2013 का चिट्ठा

| दायित्व | | राशि रु० | सम्पत्ति | राशि रु० |
|---|---|---|---|---|
| पूँजी खाता : | | | भूमि एवं भवन | 20,000 |
| शालू | 36,000 | | संयंत्र व मशीनरी | 40,000 |
| टिप्सी | 24,000 | | फर्नीचर | 16,000 |
| अंशुल | 12,000 | 72,000 | रोकड़ | 20,000 |
| सामान्य संचय | | 18,000 | प्राप्य बिल | 3,000 |
| देय विपत्र | | 18,000 | देनदार | 13,000 |
| लेनदार | | 16,000 | स्टॉक | 12,000 |
| | | 1,24,000 | | 1,24,000 |

शालू फर्म से 1 अप्रैल, 2013 को अवकाश ग्रहण करता है। अवकाश ग्रहण तिथि को सम्पत्तियों व दायित्वों का पुनर्मूल्यांकन निम्न प्रकार किया गया :

i) भूमि व भवन का मूल्य 33,000 रु० तक बढ़ाना है

ii) प्लांट व मशीनरी का मूल्य 48,000 रु० आंका गया

iii) फर्नीचर का मूल्य 10% से घटाना है

iv) देनदारों पर 20% का डूबत ऋण का प्रावधान करना है

v) स्टॉक का मूल्य 15,000 रु० आंका गया

vi) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन 30,000 रु० पर किया गया। यह भी निश्चित किया गया कि शालू के अवकाश ग्रहण के पश्चात लेजर पुस्तकों में ख्याति नहीं दिखायी जायेगी। ( लेखा मानक 26 के अनुसार)

शालू के अवकाश ग्रहण पर पुनर्मूल्यांकन खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते बनाइए।

Shalu, Tipsy and Ansul are partners sharing profits and losses in the ratio of 1 : 2 : 3. Their Balance Sheet as on 31st March, 2013 is as follows :

Balance Sheet as on 31st March, 2013

| Liabilities | | Amount *Rs.* | Assets | Amount *Rs.* |
|---|---|---|---|---|
| Capital A/c | | | Land and Building | 20,000 |
| Shalu | 36,000 | | Plant and Machinery | 40,000 |
| Tipsy | 24,000 | | Furniture | 16,000 |
| Anshul | 12,000 | 72,000 | Cash | 20,000 |
| General Reserve | | 18,000 | Bills Receivable | 3,000 |
| Bills Payable | | 18,000 | Debtors | 13,000 |
| Creditors | | 16,000 | Stock | 12,000 |
| | | 1,24,000 | | 1,24,000 |

Shalu retires from the firm on 1st April, 2013. The Assets and Liabilities on retirement date was revalued as follows :

i) Value of Land and Building is increased up to Rs. 33,000

ii) The Plant and Machinery is valued at Rs. 48,000

iii) The value of Furniture is reduced by 10%

iv) Provide 20% on Debtors as Provision for doubtful debts

v) The value of stock is to be valued at Rs. 15,000

vi) The Goodwill of the firm is valued Rs. 30,000. It is also decided that after retirement of Shalu, Goodwill not be shown in the books. (As per Accounting Standard 26 )

Make Revaluation Account and Partners' Capital Account on the retirement of Shalu. 6

23. मोहिनी लि० ने 10 रु० वाले 10000 समता अंशों के 10% प्रीमियम पर निर्गमन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये। राशि इस प्रकार देय थी :

आवेदन पर 4 रु० (प्रीमियम सहित), बंटन पर 4 रु० और शेष प्रथम एवं अंतिम माँग पर। 25000 अंशों के लिए आवेदन पत्र प्राप्त हुए। 5000 अंशों के लिए अपूर्ण आवेदन पत्र रद्द कर दिये और राशि लौटा दी। शेष आवेदन पत्रों पर यथानुपात बंटन किया। आवेदन की अधिक प्राप्त राशि का बंटन के लिए प्रयोग करते हैं। मोहन जिसने 2000 अंशों के लिए आवेदन किया था बंटन तथा प्रथम एवं अंतिम माँग राशि का भुगतान नहीं कर सका और उसके अंश जब्त कर लिये। इन सभी अंशों के 8 रु० प्रति अंश की दर से पूर्ण प्रदत्त मानते हुए पुनर्निर्गमित किये। कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

Mohini Ltd. invited applications for the issue of 10000 equity shares of Rs. 10 each at 10% premium. The amount was payable as follows :

On Application Rs. 4 (including premium), on Allotment Rs. 4 and remaining on First and Final Calls.

Applications were received for 25000 shares. Incomplete applications of 5000 shares were cancelled and amount refunded. Remaining applications were allotted on pro-rata basis. Excess application money is used for allotment. Mohan who applied for 2000 shares could not pay allotment and First and Final Call money and his shares were forfeited. All these shares were re-issued @ Rs. 8 per share as fully paid up. Give necessary journal entries in the books of the company.

6

## खण्ड - ब

## PART – B

**खण्ड '*ब*' के दो भाग हैं, प्रत्येक भाग में सात प्रश्न हैं। परीक्षार्थी को किसी एक भाग के सभी सात प्रश्नों को हल करना है।**

Part *'B'* has two portions. Every portion has a set of seven questions. Candidate can attempt only one set of *seven* questions of any one portion.

24. रोकड़ प्रवाह विवरण कौन-से लेखांकन प्रमाप के अनुसार बनाया जाता है ?

    Under which Accounting Standard, is Cash Flow Statement made ? 1

25. विनियोग सम्बन्धी क्रियाओं से रोकड़ बहिर्वाह की दो मदें लिखिए।

    Write two items of cash outflows from investing activities. 1

26. रोकड़ प्रवाह विवरण का अर्थ लिखिए।

    Write the meaning of Cash Flow Statement. 2

27. कम्पनी के स्थिति विवरण में चालू सम्पत्ति शीर्षक के अन्तर्गत दिखाई जाने वाली कोई दो मदें लिखिए।

    Write any two items which are shown under the heading of Current Assets in the Balance Sheet of company. 2

28. निम्न सूचना से तुलनात्मक आय विवरण बनाइए :

| | **31.3.2012**<br>रु० | **31.3.2013**<br>रु० |
|---|---|---|
| बिक्री | 2,00,000 | 2,50,000 |
| बेचे गये माल का लागत मूल्य | 1,00,000 | 1,30,000 |
| परिचालन व्यय | 10,000 | 12,000 |
| लाभांश प्राप्त | 20,000 | 20,000 |
| आयकर दर | शुद्ध लाभ का 50% कर से पूर्व | शुद्ध लाभ का 50% कर से पूर्व |

From the following information, prepare a comparative Income Statement : 4

| | 31.3.2012 | 31.3.2013 |
|---|---|---|
| | *Rs.* | *Rs.* |
| Sales | 2,00,000 | 2,50,000 |
| Cost of goods sold | 1,00,000 | 1,30,000 |
| Operating Expenses | 10,000 | 12,000 |
| Dividend Received | 20,000 | 20,000 |
| Income Tax Rate | 50% of Net Profit before tax | 50% of Net Profit before tax |

29. निम्नलिखित सूचनाओं से परिचालन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार कीजिए :

| | रु० |
|---|---|
| चालू वर्ष का शुद्ध लाभ | 1,00,000 |
| सामान्य संचय का हस्तान्तरण | 10,000 |
| देनदारों में कमी | 25,000 |
| देय विपत्रों में कमी | 20,000 |
| अपलिखित अंशों पर बट्टा | 5,000 |
| स्टॉक में वृद्धि | 18,000 |
| मशीन बेचने से हानि | 12,000 |
| विनियोग बेचने से लाभ | 4,000 |

From the following information, prepare Cash Flow Statement from operating activities : 4

| | *Rs.* |
|---|---|
| Net Profit of current year | 1,00,000 |
| Transferred to General Reserve | 10,000 |
| Decrease in Debtors | 25,000 |
| Decrease in Bills Payable | 20,000 |
| Discount on shares written off | 5,000 |
| Increase in Stock | 18,000 |
| Loss on sale of machine | 12,000 |
| Profit on sale of investment | 4,000 |

30. निम्नलिखित सूचनाओं से गणना कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| i) | प्रति अंश अर्जन | ii) | प्रति अंश लाभांश |
| iii) | मूल्य अर्जन अनुपात | iv) | सकल लाभ अनुपात |
| v) | स्वामित्व अनुपात | vi) | स्कन्ध आवर्त अनुपात। |

| | |
|---|---|
| कर से पूर्व लाभ | रु० 2,00,000 |
| आय कर की दर | 40% |
| प्रस्तावित लाभांश | 25% |
| 10% अधिमान अंश | रु० 1,00,000 |
| 20000 समता अंश प्रति अंश 10 रु० | रु० 2,00,000 |

समता अंश का चालू बाजार मूल्य 27·50 रु० प्रति अंश है।

| | |
|---|---|
| बेचे गये माल का लागत मूल्य | रु० 6,00,000 |
| कुल सम्पत्ति | रु० 5,00,000 |
| रहतिया | रु० 1,50,000 |
| बिक्री | रु० 10,50,000 |
| विक्रय वापसी | रु० 50,000 |

From the following information calculate :

| | | | |
|---|---|---|---|
| i) | Earning per share | ii) | Dividend per share |
| iii) | Price earning ratio | iv) | Gross profit ratio |
| v) | Proprietory ratio | vi) | Stock turnover ratio. |

6

| | |
|---|---|
| Profit before tax | Rs. 2,00,000 |
| Rate of Income Tax | 40% |
| Proposed dividend | 25% |
| 10% Preference Share | Rs. 1,00,000 |
| 20000 Equity Shares of Rs.10 each | Rs. 2,00,000 |

The current market price of the equity Share is Rs. 27·50 per share

| | |
|---|---|
| Cost of goods sold | Rs. 6,00,000 |
| Total Assets | Rs. 5,00,000 |
| Stock | Rs. 1,50,000 |
| Sales | Rs.10,50,000 |
| Sales Return | Rs. 50,000 |

**अथवा / OR**

निम्न सूचनाओं से समानाकार चिट्ठा बनाइए :

| | 31 मार्च, 2012 | 31 मार्च, 2013 |
|---|---|---|
| | रु० | रु० |
| स्थायी सम्पत्तियाँ | 2,50,000 | 5,60,000 |
| विनियोग | 1,20,000 | 1,12,000 |
| चालू सम्पत्तियाँ | 1,30,000 | 1,28,000 |
| समता अंश पूंजी | 3,00,000 | 5,20,000 |
| संचय एवं आधिक्य | 1,25,000 | 1,36,000 |
| चालू दायित्व | 75,000 | 1,44,000 |

From the following information prepare the common size Balance Sheet : 6

| | 31st March,2012 | 31st March, 2013 |
|---|---|---|
| | *Rs.* | *Rs.* |
| Fixed Assets | 2,50,000 | 5,60,000 |
| Investments | 1,20,000 | 1,12,000 |
| Current Assets | 1,30,000 | 1,28,000 |
| Equity Share Capital | 3,00,000 | 5,20,000 |
| Reserve & Surplus | 1,25,000 | 1,36,000 |
| Current Liabilities | 75,000 | 1,44,000 |

**अथवा / OR**

## खण्ड - ब
## PART – B

24. AIS के कोई दो तत्व लिखिए।

Write any two elements of AIS. 1

25. डेटा डिक्शनरी को परिभाषित कीजिए।

Define Data Dictionary. 1

26. कम्प्यूटराईज्ड लेखांकन के लाभ क्या हैं ?

What are the advantages of Computerised Accounting ? 2

27. मानवीकृत लेखांकन तथा कम्प्यूटराईज्ड लेखांकन प्रणाली में अन्तर बताइए।

Differentiate between Manual accounting and Computerised accounting systems. 2

28. DML व DCL का एक उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।

Explain DML and DCL each with one example. 2 + 2

29. इलैक्ट्रॉनिक स्प्रेडशीट के लाभों का वर्णन कीजिए।

Explain the benefits of electronic spread sheet. 4

30. a) MS-Excel में एक चार्ट बनाने के चरण लिखिए।

b) एक तालिका 'STUDENT' के सृजन के विभिन्न चरण लिखिए।

a) Write the steps of creating a chart in MS-Excel.

b) Write the various steps to create a table 'STUDENT'. 3 + 3